कमीशनखोरी ▶ धान खरीदी शुरु होते ही व्यापारी हुए सक्रिय

## बिचौलिए कर रहे किसानों से संपर्क



**नवभारत,जबलपुर।** आज 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य प्रदान की खरीदी शुरू हो रही है। वहीं किसानों द्वारा धान की कटाई भी लगातार जारी है। जिसको लेकर अब व्यापारी और बिचौलियों में सक्रियता बढ़ गई है। अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में रखी हुई धान को खरीदने के लिए बिचौलिये किसानों से संपर्क कर रहे हैं, जिसमें इन किसानों के पंजीयन क्रमांक के अनुसार जिस खरीदी केंद्र में धान को बेचा जाता है। वहां पर बिचौलिए अपने जुगाड़ से किसानों की धान को बेच देते हैं और धान के समर्थन मूल्य में से कुछ कमीशन किसानों से ले लेते हैं। जिसके कारण किसानों को धान का जितना मूल्य मिलना चाहिए उतना नहीं मिल पाता है।

### रजिस्ट्रेशन नंबर लेकर बेचते हैं धान

अधिकतर यह देखा जाता है कि बिचौलिये किसानों से सीधे संपर्क करते हैं और उनके रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ उनकी धान को खरीद लेते हैं। यह बिचौलिये और व्यापारी समर्थन मूल्य के भाव से अपना 150 रूपये से लेकर 200 रूपए तक कमीशन काटकर धान को खरीदते हैं। जिसके बाद वह स्वयं के द्वारा धान को खेतों और गल्लों से उठाकर खरीदी केंद्र पहुंचाते हैं और वहां समितियों से सेटिंग कर किसानों से खरीदी धान को समर्थन मूल्य में बेच देते हैं। इसके बाद जब धान की राशि किसानों के खाते में ही आती है तो फिर बिचौलिया और व्यापारी किसानों से अपना कमीशन ले लेते हैं।

### समितियों- वेयरहाउसों में रहती है सेटिंग

विगत वर्षों से देखा जा रहा है कि उपार्जन के समय कुछ व्यापारी केंद्रों का संचालन करते हुए पाए गए थे। वहीं जिन समितियों या महिला समूहों को खरीदी का जिम्मा दिया जाता है, उनकी जगह दूसरे व्यक्ति खरीदी करते रहते हैं। यही वजह है कि जब बिचौलिए किसानों से धान खरीदते हैं और समितियों- वेयरहाउस में अपनी सेटिंग बनाए रखते रहते हैं। जिसके चलते वह किसानों से खरीदी धान आसानी से समर्थन मूल्य पर बेच देते हैं और कमीशन पर धंधा करते रहते हैं, जबकि एक साधारण किसान को अपनी फसल बेचने में केंदों पर लंबा इंजतार करना पड़ता है।

### 55 केंद्रों में आज से होगी धान की खरीदी

जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए 55 केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी केंद्रों पर आज 1 दिसंबर से किसानों से धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएगी। इस वर्ष शासन ने धान का कॉमन रेट 2369 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जबकि ए ग्रेड धान का मूल्य 2389 रूपए है। जिले में प्रशासन स्तर पर उपार्जन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने उपार्जन व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारियों को वास्तविक किसानों से और एफएक्यू क्वालिटी का धान का उपार्जन करने की सख्त हिदायत दी है। प्रत्येक खरीदी केन्द्रों पर एफएक्यू मापदंड के नमूने प्रदर्शित करने के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों से धान का उपार्जन स्लॉट बुकिंग के आधार पर किया जायेगा। आज से शुरू हो रही धान की खरीदी 20 जनवरी 2026 तक चलेगी।

### लगभग 54337 किसानों ने कराया है पंजीयन

जानकारी के अनुसार 15 सितंबर से 10 अक्तूबर तक हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 54337 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिसमें मझौली में 14020, सिहोरा में 13170, पनागर में 9150, पाटन में 8532 , शहपुरा में 4052, जबलपुर में 3247, कुंडम में 1437, गोरखपुर में 392, अधारताल में 245 और रांझी में 145 किसानों ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए पंजीयन कराया है। इसके साथ ही 2054 किसानों ने सिकमी पंजीयन कराए हैं।

## बस पलटी, दो बाइक चपेट में आई, 15 से अधिक घायल

ओएफके अस्पताल के पास हुआ हादसा, यात्रियों में मची चीख पुकार




**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत ओएफके अस्पताल के पास तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान दो बाइकें भी हादसे की चपेट में आ गई। यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहगीरों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हादसे में 15 से अधिक लोग घायल हुए है।

### डिंडौरी जा रही थी बस महिला को बचाने हादसा

खमरिया थाना प्रभारी सरोजनी टोप्पो ने बताया कि रविवार को लक्की ट्रैवल्स की 50 सीटर बस क्रमांक एमपी 20 पीए 0914 जबलपुर से डिंडोरी जा रही थी। बस दोपहर करीब 3:30 बजे जैसे ही रांझी को पार करते हुए ओएफके अस्पताल के पास पहुंची तभी अचानक एक महिला के सामने आई गई जिसे बचाने के चक्कर में बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई और अनियंत्रित होकर पलट गई। दो बाइकें में बस की चपेट में आई है। 15 लोग घायल हुए है।

### दो थानों की पुलिस पहुंची घायलों को निकाला बाहर

हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही रांझी, खमरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल जा सका। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायलों को इलाज के लिए ओएफके और रांझी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को विक्टोरिया अस्पताल रेफर किया किया गया।

### केबिन में फंसा चालक

हादसे के बाद बस चालक भी बुरी तरह केबिन में फंस गया था जिसे भी चोटें आई। हादसे का मुख्य कारण चलती बस के सामने महिला का आना और बस की अधिक गति और चालक का नियंत्रण खोना है। पुलिस प्रकरण दर्ज कर बस को जब्त कर जांच कर रही है।

### ये हुए घायल

काजल अहिरवार निवासी शहपुरा भिटौनी, वार्ड नं.4, संतोष पटेल 25 वर्ष निवासी मोहरा करोठी, तेजगढ़, दमोह, राहुल मार्को 29 वर्ष निवासी धनगांव, शहपुरा, ओप्रकाश 53 वर्ष निवासी अमरिया, मोहन 31 वर्ष, चंचल ठाकुर 21 वर्ष निवासी डिंडौरी, राजेश गुप्ता 28 वर्ष निवासी डिंडौरी, सुन्दर मरावी 21 वर्ष निवासी शहपुरा डिंडौरी, विजय धुर्वे 48 वर्ष, प्रभु विश्वकर्मा 15 वर्ष दोनों निवासी करौंदी, आकाश सोनी 24 वर्ष निवासी डिंडौरी,, मीना 19 वर्ष निवासी डिंडौरी, राजेश परस्त 20 वर्ष, विशाल समेत अन्य को चोटें आ गई है।

## ग्वारीघाट से तिलहरी तक 64 करोड़ की लागत से बनेगी 2 लेन सड़क

▶ पेव्ड सोल्डर एवं आरओबी स्वीकृत लोक निर्माण मंत्री ने जारी बयान में की पुष्टि



**नवभारत, जबलपुर।** माँ नर्मदा तट ग्वारीघाट में होने वाले ट्रैफिक जाम से अब जल्दी ही निजात मिलेगी, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने ग्वारीघाट मुक्तिधाम से तिलहरी तक बनने वाली 2 लेन सड़क को स्वीकृति दी है।

इस संबंध में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि माँ नर्मदा का गौरीघाट तट न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और अध्यात्मिक पर्यटन का भी गौरव है, बड़ी संख्या में श्रद्धालु ग्वारीघाट जाते है परन्तु परवो एवं माँ नर्मदा प्रकाट्योत्सव के अवसर पर ग्वारीघाट जाने में एक ही मार्ग होने के कारण कठिनाई और ट्रैफ़िक जाम की समस्या का सामना करना होता है, इसके लिए तय किया था कि तिलहरी से ग्वारीघाट तक के मार्ग को चौड़ा एवं व्यवस्थित बनाया जाये और इसके लिए ग्वारीघाट मुक्तिधाम से तिलहरी तक 2 लेन सड़क को स्वीकृति दी गई है, लगभग 64 करोड़ की लागत से बनने वाली यह 2 लेन सड़क लगभग 5.5 किमी लम्बी होंगी जिसके बीच में रेलवे ओवर ब्रिज भी बनाया जायेगा, यह बेहतर वैकल्पिक मार्ग होगा। श्री सिंह ने बताया झंडा चौक से ग्वारीघाट मुक्तिधाम तक की सड़क पहले ही स्वीकृत हो चुकी है और इसका निर्माण भी चल रहा है, इस मार्ग को आगे बढ़ाते हुये तिलहरी तक की 2 लेन सड़क का निर्माण कार्य आगे किया जायेगा।

### जबलपुर, मंडला मार्ग को जोड़ने का बनेगा रास्ता

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया तिलहरी से ग्वारीघाट का मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है, यह मार्ग ग्वारीघाट मुक्तिधाम से प्रारम्भ होकर भटोली से होता हुआ तिलहरी में एनएच 12 जबलपुर मंडला मार्ग को जोड़ेगा, जबलपुर के पेंटीनाका, बिलहरी, तिलहरी, गौर एवं बरेला जो विकसित क्षेत्र है यहाँ से ग्वारीघाट आने वाले श्रद्धांलुओं को एक पूर्ण विकसित मार्ग इस सड़क बनने के बाद उपलब्ध होगा, इस सड़क के बनने के बाद ग्वारीघाट में मिलने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी और यह मार्ग जबलपुर में बन रही देश की दूसरी सबसे बड़ी रिंग रोड से जोड़ने का कार्य भी करेगा।

हनी ट्रैप कांड: चौकी में हुई थी एक लाख की डीलिंग

## दो सिपाही हटाए गए, प्रभारी पर लटकी कार्रवाई की तलवार

**जबलपुर।** इंस्टाग्राम आईडी के जरिए दो भाईयों को हनी ट्रैप के जाल में फंसाने के बाद हुई ब्लैकमेल मामले में विभागीय कार्रवाई शुरू हो गई। साथ ही दो सिपाहियों को चौकी से हटा दिया गया उन्हें लाइन अटैच कर दिया गया जबकि चौकी प्रभारी पर भी कार्रवाई की तलवार लटकी हुई है। दरअसल लार्डगंज थना अंतर्गत यादव कॉलोनी चौकी स्थित ईडब्ल्यूएस क्वार्टर शताब्दीपुरम में दोनों भाई युवती से मिलने पहुंचे थे जहां युवती ने अपने दो युवक दोस्तों को बुलाने के बाद दोनों भाईयों की पिटाई करवाई थी। इसके बाद पुलिस सभी को पकड़कर चौकी लेकर चली गई थी जहां ब्लैकमेल कर एक लाख रूपए की डिमांड हुई थी। रूपए न देने पर बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की पीड़ित को धमकी दी गई थी। इस मामले में प्रारंभिक जांच में पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से दो आरक्षकों सचिन जैन, सिद्धार्थ दुबे को चौकी से हटाने के साथ लाइन अटैच किया गया है। जबकि चौकी प्रभारी अनिल कुमार सिंह की कार्रवाई के समय मौजूद थे जिनकी भूमिका भी संदिग्ध है और जांच चल रही है जांच के बाद आगे की कार्रवाई होना है।

### क्या है मामला

जानकारी के मुताबिक पावला बेलखेडा निवासी 19 वर्षीय युवक ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बडे पापा का लडका से इंस्टाग्राम आईडी पर रागिनी शर्मा नाम की लड़की से दो तीन दिन पहले चैटिंग में बात हुयी थी। शुक्रवार को दोपहर 2:30 बजे दोपहर उसका इंस्टाग्राम मैसेज आया कि आज मैं फ्री हूं, आज मिलते है नहीं तो मैं अपने घर करेली नरसिंहपुर चली



जाउंगी। इसके बाद वह अपने भाई के साथ मिलने गया था। रागिनी शर्मा मेहता पेट्रोल पंप के पास मिलने आई थी। उसने नगद 500 रूपये लिये थे। इसके बाद तीनों गाडी में बैठकर ईडब्ल्यूएस क्वार्टर शताब्दी पुरम में पहुंचे थे जहां रागिनी शर्मा ने चाईनीज, बियर की एक बटल एवं सिगरेट बुलवाई थी। दस मिनट बाद उसने फोन करके अपने साथी विवेक तिवारी एवं साहिल बर्मन को बुला दिया था। जिन्होंने वीडियो बनाने के साथ दोनों भाईयों की पिटाई की थी।

### पुलिस की एंट्री के साथ ब्लेकमेलिंग

दोनों भाईयों के साथ जब मारपीट चल रही थी तभी पुलिस पहुंची और सभी को थाने लेकर चली गई थी। इसके बाद विवेक, शाहिल चौकी में पीड़ित से बोले कि एक लाख रूपए दो नहीं तो तुमको बलात्कार के केस में फंसवा देंगे। इसके बाद पीड़ित ने परिजनों को बुलाया उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया। एक लाख रूपए देने के लिए बोला तो परिजनों ने पैसे देने से मना करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कहीं जिसके बा द थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### चार घंटे थाने में चलती रही डीलिंग

सूत्रों के मुताबिक हनी ट्रैप गैंग और पीड़ित के बीच खुलेआम तीन से चार घंटे तक डीलिंग चलती रही। डराने धमकाने का खेल चलने के साथ झूठे केस में फंसाने की धमकियां दी जानी गई। प्रारंभिक जांच में इस कांड में पुलिस की मिलीभगत सामने आ रही है। मामले में सीसीटीव्ही फुटेज, कॉल डिटेल निकाली गई है।

### तीनों गए जेल

पुलिस ने मामले में धारा 308(2),61(2), 296,115(2), 3 (5) के तहत प्रकरण दर्ज कर रागिनी शर्मा, विवेक तिवारी, साहिल बर्मन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### इनका कहना है

मामले में दो आरक्षकों को हटा दिया गया है उन्हें लाइन अटैच किया गया है। चौकी प्रभारी व अन्य की भूमिका पर जांच चल रही है जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

**रितेश कुमार शिव**
**सीएसपी, कोतवाली**

## टैक्स वसूली निजी हाथों में जाने का शुरू होने लगा विरोध

▶ कांग्रेस पार्षद दल ने उठाई आवाज

**नवभारत,जबलपुर।** टैक्स वसूली का निजीकरण करने का कांग्रेस पार्षद दल के साथ नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने विरोध किया है। विदित हो कि महापौर परिषद् ने एम. आई. सी. की बैठक में शहर की टैक्स वसूली अभियान को प्राइवेट हाथों में देने का प्रस्ताव पारित किया है। इसको लेकर नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने दो टूक कहा कि महापौर परिषद द्वारा शहर की जनता को सामाजिक तत्व गुंडा तत्व से वसूली कराकर शहर की जनता को परेशान करने की मंशा बना चुकी है जिसकी शुरुआत संभाग क्रमांक 13 के तीन वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड, स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड, एवं पंडित भवानी प्रसाद तिवारी से की जा रही है, ये अनुचित है। कांग्रेस पार्षद दल के अनुसार इसके पहले भी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत लगभग तीन से चार करोड़ रुपए का टेंडर इसी बात का निकला था कि पूरे शहर के भवन कितने स्क्वायर फीट में बने हुए हैं उसकी पूरी जानकारी एकत्र की गई थी।

### कांग्रेस पार्षद दल की बैठक आज

मामले को लेकर कांग्रेस पार्षद दल की बैठक सोमवार को आयोजित की गई है। जानकारी के अनुसार नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डु नबी एवं सचेतक अयोध्या तिवारी के नेतृत्व में 1 दिसंबर दोपहर 3:00 बजे से नगर निगम मुख्यालय में स्थित नेता प्रति पक्ष कार्यालय में बैठक होगी। जहां आगामी विरोध की रूपरेखा तय की जाएगी।

घर के बाहर टपरा रखने की बात पर उपजा विवाद

## हत्या करने के इरादे से पिता-पुत्री को चाकू से गोदा

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत सरस्वती कॉलोनी में घर के बाहर टपरा रखने पर उपजे विवाद पर बदमाश ने हत्या करने के इरादे से पिता-पुत्री को चाकू से गोद दिया। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आ गई जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक रजनी पटेल निवासी जयप्रकाश नगर नमन परिसर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका मायका सरस्वती कालोनी के पास है रविवार को वह एवं उसकी बहन रोशनी पटेल दोनों बहने पिता खूबचंद पटेल के घर सरस्वती कालोनी आये हुये थे दोपहार करीब 2 बजे पिता बाल कटाने बाहर गये हुये थे दोपहार करीब 2:30 बजे सरस्वती कॉलोनी का रहने वाला शंकर पटेल का लडका शुभांशु पटेल उर्फ मोहित घर के सामने आकर हंगामा करते हुये कहने लगे कि तुम्हारे घर के सामने में टपरा किसका बना है उसको हटा लो उसी समय पिता घर के सामने पहुँचे शुभांशु उर्फ मोहित पिता से विवाद कर चाकू निकालकर पिता के ऊपर जान से मारने की नियत से चाकू से वार किया जिससे पिता के सिर में और पेट में गंभीर चोटे आ गई, पिता को बचाने का प्रयास किया तो शुभांशु ने उसके ऊपर भी चाकू से वार किया जिससे उसे कमर के नीचे पीछे की तरफ चोट आई है उसके बाद शुभांशु उर्फ मोहित वहाँ से भाग गया।

### पत्नी पर कुल्हाड़ी से किए तीन वार, हालत नाजुक

अधारताल थाना अंतर्गत ऋषि नगर में पति ने हत्या करने के इरादे से पत्नी पर कुल्हाडी से ताबड़तोड़ तीन वार कर दिए। हमले में घायल महिला को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक ऋषि नगर में घरेलू बात पर विवाद करते हुये पति सतीष ने पत्नि रागिनी से विवाद किया। पत्नी ने विरोध किया तो पति ने घर में रखी कुल्हाडी उठाकर हत्या करने की नीयत से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में नागिनी को सिर, चेहरे, हाथ में गंभीर चोटें आ गई। जिसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है ।

यातायात पुलिस व नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई

## बड़ा फुहारा क्षेत्र में हटाए अतिक्रमण दुकानदारों को दी सख्त चेतावनी



**नवभारत,जबलपुर।** यातायात पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने रविवार शाम को बड़ा फुहारा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके साथ ही सुपरमार्केट स्थित इंडियन कॉफी हाउस के सामने लगे ठेले व अस्थायी दुकानों को हटवाया गया। अधिकारियों ने साफ किया कि मुख्य मार्ग और बाजार क्षेत्र में यातायात अवरुद्ध करने वाली किसी भी प्रकार की अवैध दुकान बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात अंजना तिवारी के निर्देशन में की है। कार्यवाही के दौरान यातायात मालवीय चौक डीएसपी संतोष कुमार शुक्ला, सूबेदार राहुल सिंह सहित अन्य यातयात पुलिस और नगर निगम की टीम मौजूद थी।

### समझाइश के बाद भी बढ़ रहा था अतिक्रमण

कार्रवाई के दौरान टीम ने सभी ठेले वालों को निर्धारित स्थानों पर ही व्यवसाय करने के निर्देश दिए। साथ ही दुकानदारों को यह समझाइश दी गई कि वे अपनी दुकानों के सामने किसी तरह के ठेले या अस्थायी दुकान लगाने की अनुमति न दें। अधिकारियों ने बताया कि बार-बार समझाइश के बाद भी अतिक्रमण बढ़ रहा था, जिसके कारण यह संयुक्त कार्रवाई की गई।

ईर्ष्या, नफरत की आग में सहेली ने की थी दिल दहला देने वाली वारदात, शहर को लगा था बदनुमा धब्बा

## तीन दशक बाद 2025 में एसिड अटैक से कांप उठीं थी रूह

**जबलपुर।** संस्कारधानी को संस्कारों की नगरी कहा जाता हैं, लेकिन अपराधी इसे अपराधधानी बनाने पर तुले हुए हैं। दिसम्बर माह की दस्तक के साथ अब साल की विदाई करीब है। पुलिस रिकॉर्ड पर अगर नजर दौड़ाई जाएं तो अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ा है। इस वर्ष वैसे तो अनेक वारदातें पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हुई लेकिन एक ऐसी खौफनाक वारदात हुई जिसे जिसने भी सुना उसकी रूह का उठी थी। ईर्ष्या, नफरत की आग में झुलसी एक सहेली ने अपने ही सहले पर एसिड अटैक कर दिया था। इस वारदात ने शहर को झकझोर कर रख दिया था। तीन दशक बाद जबलपुर में एसिड अटैक का बदनुमा धब्बा लगा। जिसे शायद कभी भूला नहीं जा



सकता हैं, पीड़िता के जख्म तो आज भी ताजा हैं जब वे उस मंजर को याद करती हैं तो चीख पड़ती हैं, आंखें नम हो जाती हैं, इस एसिड अटैक कांड की बूंदे और दर्द वे शायद ही कभी भूल पायेगी।

### इशिता ने की थी खौफनाक वारदात

जून माह 2025 में ग्वरीघाट थाना अंतर्गत अवधपुरी कॉलोनी में तेजाब कांड हुआ। सहेली श्रद्धा दास 23 वर्ष पर उसकी सहेली इशिता ने तेजाब उड़ेला था। आरोपिया को सहेली से जलन और नफरत थी। एसिड युवती ने प्रेस काम्पलेक्स अनुप्रास इंटर प्राईज सिविक सेंटर संचालक सत्येन्द्र गुप्ता से खरीदा था। इसके बाद सहेली को सरप्राइज देने की बात बोलकर घर के बाहर बुलाया और उस पर एसिड उड़ेल दिया था।

### सन 1985 और 1987 में हुए थे एसिड कांड, तत्कालीन पीएम भी हुए थे विचलित

जानकार बताते है कि सन् 1987 में शहर में दिनदहाड़े एक रिक्शा चालक ने तीन बच्चियों पर एसिड फेंका था। उस वक्त बच्चियों को एयरक्राफ्ट से इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया था। 1984 में भी तेजाब कांड हुआ था। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी विचिलित हुए थे।


नवभारत

आवश्यकता है

पद की योग्यता

देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

एकाउंटेंट (टेली एवं 5 वर्ष का अनुभव)

बिलिंग ऑपरेटर (एमआईएस एवं 5 वर्ष का अनुभव)

रिपोर्टर (महिला+ पुरुष) (2 वर्ष का अनुभव एवं बी.जे.सी एवं एम.जे.सी)

कंप्यूटर ऑपरेटर (5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)

रिकवरी एग्जीवयूटिव (ग्रेजुएशन एवं 5 वर्ष का अनुभव)

संपर्क करें

कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर (दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक )

9752721239, 8305852507 hr.navabharat1934@gmail.com



SPARK CONVENT SCHOOL

ADMISSION OPEN 2025-2026

सम्पर्क

Branch-1: New Kanchanpur, Near Neher, Adhartal, Jabalpur MP (Nursery to 8th)

Branch-2: Vatsala Hill View, Sainik Society, Shakti Nagar, Gupteshwar, Jabalpur MP (Nursery to 5th)

Ph. 0761-4923248, Mob. 9425868370



भवन निर्माण

₹ 1500/- वर्गफुट कंस्ट्रक्शन

माड्यूलर किचिन लेटबाथ स्टील रेलिंग बिजली पानी, मटेरियल सहित, कम्पलीट वर्क

संपर्क करे

कमलेश पटेल- मो.नं. 6260334877